सत्यमेव जयते

UPPSC/UPPCS
Exam Paper

# यूपीपीएससी - यूपीपीसीएस

# मुख्य परीक्षा 2020

# वैकल्पिक विषय

# प्रश्न पत्र

# “विधि प्रथम प्रश्न पत्र”

परीक्षा तिथि: 25th जनवरी 2020

No. of Printed Pages : 4

Serial No. [redacted]

# PSL – 16/20-Paper-I

## विधि (प्रश्न–पत्र – I)

## LAW (PAPER – I)

निर्धारित समय : तीन घंटे] [अधिकतम अंक : 200

Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200

**विशेष अनुदेश :**

(i) **दो** खण्डों में कुल **आठ** प्रश्न दिये गये हैं, जो **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

(ii) **प्रत्येक** खण्ड से कम से कम **दो** प्रश्नों का चयन करते हुए, कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

(iii) **प्रत्येक** प्रश्न के अंत में निर्धारित अंक अंकित हैं।

(iv) **सभी** प्रश्नों के अंक **समान** हैं।

***Specific Instructions :***

(i) There are **total eight** questions in **two** Sections, printed in both **Hindi** and **English**.

(ii) Answer **five** questions, selecting atleast **two** questions from **each** Section.

(iii) Marks are given against **each** question.

(iv) **All** questions carry **equal** marks.

### खण्ड – अ / SECTION – A

### सांविधानिक विधि / Constitutional Law

1. (a) भारतीय संविधान के अन्तर्गत प्रत्याभूत प्राण एवं दैहिक स्वतन्त्रता के अधिकार के नवोदित आयामों का संक्षिप्त विवेचन कीजिये। वाद–विधि का सन्दर्भ दीजिये। 15

Discuss in brief the changing dimensions of Right to Life and Personal Liberty guaranteed under the Constitution of India. Refer to case law.

(b) राज्य सूची में वर्णित विषयों पर विधान बनाने की संसद की शक्ति की व्याख्या कीजिये। 15

Explain the power of Parliament to legislate on the matters enumerated in the State List.

(c) 'आच्छादन के सिद्धान्त' को स्पष्ट कीजिये। 10

Explain the 'doctrine of eclipse'.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

2. (a) भारत के नागरिकों के लिये एक समान सिविल संहिता प्राप्त कराने के राज्य के नीति निर्देशक तत्व के संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा अब तक व्यक्त किये गये मत को स्पष्ट कीजिये। क्या आप इस मत से सहमत हैं कि सभी नागरिकों के लिये समान सिविल संहिता देश के हित में है ? कारण दीजिये। **15**

Discuss the opinion of the Supreme Court of India expressed so far relating to the Directive Principles of State Policy to secure a uniform Civil Code for the citizens of India. Do you agree with the view that uniform Civil Code for all citizens is in the interest of the Country ? Give reasons.

(b) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29 और 30 में अल्पसंख्यकों को दिये गये अधिकारों का उल्लेख कीजिये। महत्त्वपूर्ण विधि वादों का प्रसंग दीजिये। **15**

Discuss the Minorities Rights given under Article 29 and 30 of the Constitution of India. Refer to leading case law.

(c) निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : **10**

(i) राज्य के नीति निर्देशक सिद्धान्तों का महत्त्व।

(ii) अनुच्छेद 32 एवं अनुच्छेद 226 में विभेद।

Write short notes on the following :

(i) Importance of Directive Principles of State Policy.

(ii) Difference between Article 32 and Article 226.

3. (a) भारत के राष्ट्रपति की आपात् शक्तियों के विस्तार का परीक्षण कीजिये तथा इसके दुरुपयोग को रोकने के लिये रक्षोपाय हेतु लाये गये सांविधानिक संशोधनों तथा न्यायिक निर्णयों का उल्लेख कीजिये। **15**

Examine the scope of emergency powers of the President of India and mention the safeguards introduced by Constitutional Amendments and Judicial Decision to prevent abuse of these powers.

(b) संविधान की नवीं अनुसूची की उपयोगिता को निर्णीत वादों के आलोक में समझाइए। **15**

In the light of decided cases, discuss the utility of 9th Schedule of the Constitution.

(c) 'प्रसाद का सिद्धान्त' को अपवादों सहित स्पष्ट कीजिये। **10**

Explain 'doctrine of pleasure' along with its exceptions.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

4. (a) भारत के संविधान के अन्तर्गत अनेक ऐसे प्रावधान हैं जो न्यायपालिका की स्वतन्त्रता को सुनिश्चित करते हैं । उन प्रावधानों की विवेचना कीजिये । क्या भारत की न्यायपालिका वास्तव में स्वतन्त्र है ? **15**

There are many provisions in the Constitution of India which ensure the independence of the judiciary. Discuss these provisions. Is really the judiciary in India independent ?

(b) ''यह तथ्य कि संविधान के संशोधन के विषय में न्यायपालिका की अपनी भूमिका है, आधारभूत संरचना के सिद्धान्त का उत्कृष्टतम पहलू है ।'' सविस्तार स्पष्ट कीजिये । **15**

"The fact that the judiciary has a say in the matter of Amendment of the Constitution, is the most notable aspect of the doctrine of basic structure." Elucidate in detail.

(c) राज्यपाल की विधायी शक्ति पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये । **10**

Write a short note on the legislative power of the Governor.

## खण्ड – ब / SECTION – B
## अन्तर्राष्ट्रीय विधि / International Law

5. (a) ''यह विवाद कि अन्तर्राष्ट्रीय विधि, विधि है अथवा नहीं निरर्थक है क्योंकि, वस्तुतः यह विधि है, और साधारणतया उसका पालन भी किया जाता है ।'' इस कथन की पुष्टि में प्रमुख लेखकों द्वारा दिये गये तर्कों का उल्लेख कीजिये । **15**

"The controversy, whether International Law is law or not is meaningless because, in fact, it is law and is generally observed." Mention the arguments given by eminent authors in support of the statement.

(b) अन्तर्राष्ट्रीय विधि के स्रोत के रूप में 'सन्धि' के महत्त्व की विवेचना कीजिये । **15**

Discuss the importance of 'Treaty' as a source of International Law.

(c) सन्धियों पर युद्ध का क्या प्रभाव पड़ता है ? **10**

What is the effect of war on treaties ?

6. (a) अन्तर्राष्ट्रीय विधि एवं नागरिक विधि के सम्बन्धों की विवेचना कीजिये । **15**

Discuss the relationship between International Law and Municipal Law.

(b) संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अन्तर्गत किन परिस्थितियों में बल प्रयोग विधि सम्मत होता है ? **15**

In what circumstances the use of force may be legal under the U.N. Charter ?

(c) सन्धियों का निर्माण कैसे होता है ? सन्धि निर्माण में अनुसमर्थन का क्या महत्त्व है ? **10**

How are treaties formed ? What is the importance of ratification in formation of treaties ?



Downloaded from: http://studymarathon.com/

7. (a) मान्यता के प्रमुख सिद्धान्तों को समझाइये एवं उनके गुण और दोष बताइये । 15

Explain the main theories of recognition and point out their merits and demerits.

(b) प्रत्यार्पण की व्याख्या कीजिये । क्या आप इस कथन से सहमत हैं कि जहाँ प्रत्यार्पण समाप्त होता है वहाँ राजनीतिक शरण आरम्भ होता है ? 15

Explain extradition. Do you agree with the statement that political asylum begins when extradition ends ?

(c) 'खुला समुद्र' को समझाइये । 10

Explain 'High Sea'.

8. (a) मानवाधिकारों से आप क्या समझते हैं ? अन्तर्राष्ट्रीय विधि मानवाधिकारों की किस प्रकार रक्षा करती है ? 15

What do you understand by 'Human Rights' ? How are Human Rights protected under International Law ?

(b) सुरक्षा परिषद की कार्य–प्रणाली में कौन-से सुधार होने आवश्यक हैं ? 15

What reforms are necessary in the working of the Security Council ?

(c) आप इस मत से कहाँ तक सहमत हैं कि संयुक्त राष्ट्र विश्व की सरकार है ? अपने उत्तर के लिये कारण दर्शाइये । 10

How far you agree with the view that United Nations is a World Government ? Give reasons for your answer.



Downloaded from: http://studymarathon.com/